तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **पाबुराम सुथार बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार पीपाड़शहर)** सू.अ.अ. अपील संख्या 74 / 2023 (ऑन लाईन नं0 353882005639543)	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22-03-2023	अपीलार्थी पाबुराम सुथार पुत्र कालूराम निवासी ग्राम हरियाढाणा तहसील पीपाड़शहर जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 13. 01..2023 में (1) बेबीदेवी सुथार पत्नी पाबूराम, भपू पत्नी रामनारायण , जितेन्द्र पुत्र रामनारायण के नाम से ऑनलाईन आवेदन आपके कार्यालय को कब प्राप्त हुए रजिस्ट्रेशन नम्बर मय दिनांक की सूची व अन्य बिन्दुओं , से संबंधित सूचना के लिए ,लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाडशहर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार पीपाड़शहर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार पीपाड़शहर) से आदिनांक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार पीपाड़शहर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी को उसके द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस में उपलब्ध करावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। (हिमांशु गुप्ता) जिला कलक्टर जोधपुर जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)	